हिमाचल प्रदेश में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत चुने गए जिले

2190. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी०पी०ई०पी०) के अन्तर्गत देश के विभिन्न राज्यों से किन-किन जिलों का चयन किया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश के शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े हुए कुल्लू सिरमोर, चम्बा और शिमला जिलों का भी चयन किया गया है;

(ग) क्या यह सच है कि उपर्युक्त योजना के उपबंधों के अनुसार सरकार अगले तीन वर्षों के दौरान अध्यापकों के वेतन और भवन-निर्माण पर होने वाले खर्चों को पूरा करने के लिए अनुदान प्रदान करेगी; और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ग) का उत्तर "हां" में है, तो उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत अब तक जिला-वार कितने-कितने प्राथमिक स्कूल खोले गए हैं तथा कितने-कितने अध्यापकों की नियुक्ति की गई है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। (नीचे देखिए)

(ख) हिमाचल प्रदेश में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत कुल्लू सिरमौर, चम्बा और लाहुल स्पीति जिले शामिल किए गए हैं।

(ग) जी, हां।

(घ) ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

विवरण-I

हिमाचल प्रदेश में डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत शामिल किए गए जिलों के संबंध में श्री महेश्वर सिंह द्वारा 14-3-1997 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2190 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

क्रम सं०	राज्य	डी०पी०ई०पी० के तहत शामिल किए जाने के लिए चुने गए जिले
1.	असम (9)	धुब्री, दारंग, कार्बी आंगलोंग, मारी गांव बारपेटा, बोंगाई गांव, गोलपाड़ा, कोकराझार, सोनितपुर
2.	हरियाणा (7)	कैथल, जिंद, हिसार, सिरसा, भिवानी, गुड़गांव, मोहिंदरगढ़
3.	कर्नाटक (10)	रायचुर, मंडया, कोलार, बेलगाम, बंगलौर, देहात, गुलबर्गा, मैसूर, बिदार, वेल्लरी, बीजापुर
4.	केरल, (6)	कसारगौड़, वायंड, मल्लापुरम, इडुकि, पलक्काड, तिरूवनंतपुरम
5.	तमिलनाडु (6)	धरमपुरी, तिरूवन्नामलाई, संवुवरयार, दक्षिण आर्कोट, पुदुकोट्टाई, रामनाथपुरम, पेरूम्बदूर, तिरूवल्लुवार
6.	महाराष्ट्र (9)	परभनी, नानदेड़, उस्मानाबाद, औरंगाबाद, लातूर, बीड़, धूले, गाडाचिरोली, जलान
7.	मध्य प्रदेश (34)	सिंधी, रायगढ़, सरगुजा, गूना, पन्ना, टीकमगढ़, शहडोल, धाड़, छतरपुर, सिहोर, रायसेन, राजगढ़, रीवा, बिलासपुर, सतना, राजनंद गांव, मंदसौर, रतलाम, वेतुल, भींड, मुरैना, सीओन, मंडला, शिवपुरी, झबुआ, बस्तर, शाजापुर, खारगोन, दतिया, देवास, विदिशा, दामोह, रायपुर, खंडवा

क्रम सं॰	राज्य	डी॰पी॰ई॰पी॰ के तहत शामिल किए जाने के लिए चुने गए जिले
8.	हिमाचल प्रदेश (4)	सिरमौर, लाहुल, स्पीति, चम्बा, कुल्लू
9.	गुजरात (3)	बनासकंठा, पंचमहल, डंगस
10.	उड़ीसा (8)	बोलनगीर, धेनकनाल, गजपति, कालाहांडी, रायगढ़, सम्बालपुर, बारागढ़, क्योंझर
11.	आन्ध्र प्रदेश (5)	करनूल, नेल्लौर, विजयनगरम, वारांगल, करीमनगर
12.	उत्तर प्रदेश (15)	महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बदायूं, खीरी, ललितपुर, पीलीभीत, बस्ती, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, सोनभद्र, देवरिया, हरदोई, बरेली, फिरोजाबाद
13.	पश्चिम बंगाल (5)	बंकुरा, बीरभूम, कूचबिहार, दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद
योग:	121 जिले	

विवरण-II

हिमाचल प्रदेश में खोले गए प्राथमिक स्कूलों तथा नियुक्त किए गए शिक्षकों का जिलावार ब्यौरे

क्र॰सं॰	जिला का नाम	खोले गए स्कूलों की संख्या	नियुक्त किए गए शिक्षकों की संख्या	कैफियत
1.	चम्बा	10	20	—
2.	सिरमौर	20	--	हिमाचल प्रदेश के अन्य सरकारी स्कूलों से शिक्षकों को अस्थाई तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया है।
3.	कुल्लू	4	—	-वही-
4.	लाहुल स्पीति	—	—	—

महिलाओं और पुरुषों की साक्षरता का राज्य-वार प्रतिशत

2191. **श्री इकबाल सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1991 की जनगणना के अनुसार देश में पुरुषों और महिलाओं की साक्षरता का राज्य-वार प्रतिशत कितना-कितना है;

(ख) क्या 1981 से लेकर अब तक देश में साक्षरता दर में व्यापक सुधार हुआ है;